# नेतरहाट आवासीय विद्यालय का

## वार्षिक प्रतिवेदन

### 15 नवम्बर 2025

झारखण्ड के इस अप्रतिम शस्य श्यामल प्राकृतिक परिवेश में अवस्थित नेतरहाट आवासीय विद्यालय ज्ञान ज्योति की अटूट श्रृंखला सृजित करता प्रगति पथ पर अनवरत अग्रसर है। शैक्षणिक, चारित्रिक एवं मानव-निर्माण के इस अद्वितीय, अलौकिक गुरुकुल **''नेतरहाट आवासीय विद्यालय''** के 72वें स्थापना दिवस समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, गणमान्य अतिथि अभिभावकगण, विद्यालय के समस्त शिक्षक, माताएँ, प्रशासनिक पदाधिकारी, प्रशिक्षक, कार्यालय-कर्मी, छात्रों, पठारवासी एवं नेतरहाट विद्यालय परिवार से संबद्ध **''नोबा''** राज्य तथा देश-विदेश में रह रहे सभी सदस्यों का स्वागत, अभिनंदन, प्रणाम एवं जोहार।

सभी संस्थापक स्वप्नद्रष्टाओं एवं नेतरहाट **'श्री'** के आशीष से नेतरहाट की ज्ञान यात्रा के 72 वर्ष पूरे हो रहे हैं। स्थापना काल से ही विद्यालय का मान ध्वज यहाँ के छात्र, शिक्षक एवं कर्मचारी रहे हैं, जिनके सामूहिक एवं सकारात्मक पहल से विद्यालय की आभा प्रकाशित रही है इसी क्रम में यहाँ उपस्थित छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं समस्त विद्यालय परिवार से मेरी अपेक्षा है कि विद्यालय की ध्वज को हम सब मिलकर इसे अपने मूल स्वरूप में रखने का प्रयास करें। गगनभेदी मान ध्वज क्रमशः आने वाले समय में वर्तमान छात्रों एवं शिक्षकों के सम्मिलित प्रयास से और आगे बढ़ेगा, ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है।

इस महान विद्यालय ने न केवल सफलता के नए सोपान गढ़े हैं अपितु देश को चरित्रवान नागरिक-समाज दिया है। इस विद्यालय एवं विद्यालय-परिवार से जुड़कर जो मान-सम्मान एवं गौरव प्राप्त हुआ है, वह मेरे लिए गर्व का विषय है। विद्यालय स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर मैं झारखण्ड सरकार, नेतरहाट विद्यालय समिति के पूर्ववर्ती एवं वर्तमान सभी शिक्षक, छात्र, कार्यालय कर्मी एवं विद्यालय-परिवार के सभी सदस्यों को बधाई प्रेषित करते हुये आह्वान करता हूँ कि आइए एकजुट प्रयास से अखिल विश्व में एक कीर्तिमान बनाएँ जिससे कि संपूर्ण विश्व नेतरहाट की ओर देखने के लिए बाध्य हो।

अब चर्चा करते हैं कि पूरे वर्ष भर की गतिविधियों को जिन्होंने नेतरहाट विद्यालय को विभिन्न क्षेत्रों में विकास की राह पर आगे बढ़ाया।

नेतरहाट आवासीय विद्यालय अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए प्रसिद्ध रहा है। सर्वांगीण विकास के साथ-साथ शैक्षिक जगत में निरंतर श्रेष्ठ प्रदर्शन करना इसकी पहचान है। इस वर्ष सी.बी.एस.ई. (CBSE) का शत-प्रतिशत परीक्षाफल कुछ इस प्रकार रहा :-

**वर्ग 10-वीं के विद्यार्थियों का परिणाम**

| क्रम सं. | छात्र का नाम | आश्रम | स्थान | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1. | चि. शशांक राज | प्रदीप | प्रथम | 96.8 |
| 2. | चि. दिव्य प्रकाश गुप्ता | प्रदीप | द्वितीय | 96.4 |
| 3. | चि. अभिषेक कुमार | शांति | तृतीय | 96.2 |

**वर्ग 12-वीं विज्ञान-संकाय के विद्यार्थियों का परिणाम**

| क्रम सं. | छात्र का नाम | आश्रम | स्थान | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1. | चि. राहुल कुमार | बोस | प्रथम | 85 |
| 2. | चि. दिगम्बर कुमार | प्रेम | द्वितीय | 83.6 |
| 3. | चि. के0राज गौरव | प्रदीप | तृतीय | 74.4 |

**वर्ग 12-वीं कला-संकाय के विद्यार्थियों का परिणाम**

| क्रम सं. | छात्र का नाम | आश्रम | स्थान | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1. | चि. रजनीकांत कुमार | नालंदा | प्रथम | 92.20 |
| 2. | चि. अंकित कुमार | रमण | द्वितीय | 87.20 |
| 3. | चि. धनंजय सिंह सरदार | शांति | तृतीय | 79.80 |

प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी शैक्षिक रूप से श्रेष्ठ आश्रमों को सम्मानित किया गया। इस कड़ी में प्रदीप आश्रम, विजेता को सरस्वती पदक एवं अर्जुन आश्रम, उपविजेता को महावीर पदक से सम्मानित किया गया।

इस वर्ष 03 फरवरी, 2025 को हमारे विद्यालय के भूतपूर्व शिक्षक, स्वर्गीय मनोज कुमार डे की स्मृति में एक संक्षिप्त समारोह का सफल आयोजन किया गया। साथ ही 05 फरवरी 2025 को गणित विभागाध्यक्ष, डॉ0 अभिषेक मिश्र के विशेष आमंत्रण पर प्रोफेसर रोएल वेरटिगाल, फाउण्डर ऑफ ह्यूमन मीडिया लैब रैडबांड यूनिवर्सिटी, नीदरलैंड क्वीन्स यूनिवर्सिटी कनाडा के द्वारा एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

02 अप्रैल को भारत के महान गणितज्ञ एवं हमारे विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र स्वर्गीय वशिष्ठ नारायण सिंह जी की जयंती पर कई कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया जिनमें लॉगरियम पर अध्ययन गोष्ठी प्रमुख थी।

अंतर आश्रमवर्गीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें षष्ठ आश्रमवर्ग प्रथम, तृतीय आश्रमवर्ग द्वितीय तथा चतुर्थ आश्रमवर्ग तृतीय स्थान पर रहे।

हिन्दी विभाग की ओर से प्रत्येक वर्ष की भाँति अंत्याक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ0 नरेन्द्र कुमार मंडल तथा विभाग के अन्य शिक्षकों के निर्देश में किया गया। साथ ही इस वर्ष भी हिन्दी दिवस का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। हिन्दी विभाग की ओर से हिन्दी की प्रख्यात लेखिका कृष्णा सोबती के जन्मशती वर्ष के उपलक्ष्य पर एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय था- कृष्णा सोबती का कथा साहित्य। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो0 डॉ. प्रकाश शुक्ल, विभागाध्यक्ष हिन्दी, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय थे। सूर्यकांत त्रिपाठी को समर्पित निराला जयंती का आयोजन भी हिन्दी विभाग के कुशल निर्देशन में किया गया। विगत वर्ष ग्लोबल नोबा के सौजन्य से श्री रमेश चन्द्र मिश्रा स्मृति पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन हिन्दी विभाग की ओर से किया गया जिसमें कक्षा 09 से 12 के 250 ने छात्रों भाग लिया। सर्वश्रेष्ठ छात्रों को पुरस्कार स्वरूप नगद राशि से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में इस वर्ष भी निबंध लेखन प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

अंग्रेजी विभाग की ओर से छात्रों की शैक्षणिक विधा को कुशल बनाने हेतु निबंध लेखन प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 05 जून, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर श्री विनोद टोप्पो, विभागाध्यक्ष, भूगोल विभाग के निर्देशन में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 07 के छात्रों ने इस प्रभात फेरी में भाग लेकर नारे लगाकर नेतरहाट पठार के ग्रामीण लोगों को प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया।

INCA के तत्वाधान में 14 सितंबर, 2025 को नेशनल मैप क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए भूगोल विभाग की ओर से श्री विनोद टोप्पो के निर्देशन में 09 सदस्यीय दल ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया तथा इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया स्तर पर पाँचवा स्थान एवं प्रादेशिक स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने गए सभी छात्रों को साइंस सिटी, रांची का भ्रमण कराया गया। इस क्रम में छात्रों ने विज्ञान एवं भूगोल के विभिन्न सिद्धांतों का ज्ञान प्राप्त किया। छात्रों को वराहमिहिर तारामंडल शो भी दिखाया गया। प्रतियोगिता में शामिल होने गए छात्रों ने रांची के जैविक उद्यान, ओरमांझी का भी भ्रमण किया।

राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से 26 नवंबर, 2024 को विद्यालय प्रेक्षागृह में संविधान के 75वें वर्ष होने पर संविधान दिवस एवं 25 जनवरी, 2025 को भारतीय चुनाव व्यवस्था, चुनाव आयोग के कार्य तथा मतदाता के अधिकार और कर्तव्य को बतलाने हेतु राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। 10 मार्च, 2025 को राजव्यवस्था से जुड़े सवालो पर अंतर आश्रमवर्गीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 24 अप्रैल, 2025 को स्थानीय स्वशासन और ग्राम-स्वराज के महत्त्व को प्रकाश डालते हुए पंचायती राज दिवस मनाया गया एवं इस उपलक्ष्य पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का भी सफलतापूर्वक आयोजन हुआ।

इस वर्ष वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य एवं कला विभाग के सहयोग से दो दिवसीय हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें चार प्रकार की कला का प्रशिक्षण दिया गया एवं इसकी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

फिट इंडिया ट्राईथलोन, नेतरहाट, 2025 कार्यक्रम के अंतर्गत साइन की ओर से विद्यालय में 24 एवं 25 फरवरी, 2025 को दो दिवसीय विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों से उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

पिछले वर्ष की भाँति इस वर्ष भी नेतरहाट आवासीय विद्यालय के ऐतिहासिक ओवल में दिनांक- 03.04.2025 से 07.04.2025 तक 65वीं अंतर आश्रमवर्गीय खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन खेल विभाग की ओर

से किया गया। जिनमें **'क'** वर्ग का विजेता-तृतीय आश्रमवर्ग, **'ख'** वर्ग का विजेता-तृतीय आश्रमवर्ग एवं **'ग'** वर्ग का विजेता-सप्तम आश्रमवर्ग रहा। समग्र रूप से तृतीय आश्रमवर्ग विजेता हुआ। इसी क्रम में आपको बताते चले कि इस वर्ष प्रखण्ड स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु विद्यालय के 36 छात्रों को महुआडॉड़ भेजा गया जिसमें 17 छात्रों ने विभिन्न खेल में मेडल प्राप्त किये तथा 17 छात्रों में से 11 छात्रों का चयन सेकेण्ड झारखण्ड स्टेट सब-जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2025 के लिए हुआ जिसमें 06 छात्र ने भाग लेकर विद्यालय का मान बढ़ाया है। दिनांक-06.05.2025 से 09.05.2025 तक अंतर आश्रमवर्गीय क्रॉसकंट्री का सफल आयोजन खेल प्रभारी के निर्देशन में किया गया। जिसमें **'क'** वर्ग का विजेता-सप्तम आश्रमवर्ग, **'ख'** वर्ग का विजेता-तृतीय आश्रमवर्ग, **'ग'** वर्ग का विजेता-प्रथम आश्रमवर्ग, **'घ'** वर्ग का विजेता-तृतीय आश्रमवर्ग तथा समग्र रूप से तृतीय आश्रमवर्ग विजेता रहा। पूरे उत्साह के साथ अंतर आश्रमवर्गीय पी.टी. प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सप्तम आश्रमवर्ग एवं द्वितीय स्थान तृतीय आश्रमवर्ग ने प्राप्त किया।

इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर विद्यालय सम्मेलन भवन में योग दिवस का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य पर छात्रों एवं शिक्षकों को योग एवं प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया गया एवं उन्हें इससे होने वाली शारीरिक, मानसिक एंव सामाजिक लाभ से अवगत कराया गया। 25 अगस्त, 2025 को जवाहर नवोदय विद्यालय, लातेहार में अयोजित छठी लातेहार जिला योगासन प्रतियोगिता, 2025 में विद्यालय के योग दल के छात्रों ने भाग लेकर इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और विद्यालय का मान बढ़ाया। इन छात्रों में से कुमार युवराज एवं प्रियांशु दत्ता के श्रेष्ठ एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उनका चयन राष्ट्रीय स्तर के योगासन प्रतियोगिता के लिए हुआ। कुमार युवराज ने 28 से 30 सितम्बर तक आंध्रप्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय स्तर में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लिया तथा 9वाँ स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। वहीं प्रियांशु दत्ता 30 दिसंबर, 2025 से महाराष्ट्र में योगासन प्रतियोगिता में भाग लेने जा रहे हैं।

इस वर्ष ग्रुप कमांडर श्री रवीश कुमार के निर्देशन में छात्रों को एटीसी कैंप ले जाया गया जिसमें कुल 25 छात्रों को भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ। इस कैंप में होने वाली विविध गतिविधियों में छात्रों को कुल 17 मेडल प्राप्त हुआ; जिसमें 06 स्वर्ण एवं 11 रजत पदक मिले। डॉ0 अभिषेक मिश्र के निर्देशन में एयर विंग के कुल 25 छात्रों को सी.ए.टी.सी. कैंप ले जाया गया जिसमें सभी कार्यक्रमों में इनका प्रदर्शन सराहनीय रहा। नेवल विंग का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर एटीसी कैंप रांची में 17 से 26 दिसम्बर, 2024 तक आयोजित हुआ जिसमें श्री बसंत तिर्की के कुशल निर्देशन में हमारे विद्यालय के 40 कैडेटों ने भाग लिया। छात्रों ने ड्रिल, फायरिंग, बोटिंग इत्यादि का कुशल प्रशिक्षण प्राप्त किया।

इस वर्ष दिनांक-26 जून को जमशेदपुर एन.आई.टी में आयोजित PRE IGGBG कैंप (PRE Inter Group Governor Banner Competition) में विद्यालय के चतुर्थ वर्ष के छात्र चि. गौतम कुमार, कपिल आश्रम का चयन हुआ है जिसमें उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु अगले चरण के लिए चयनित किया गया।

प्रवीण किशोर, भाभा-आश्रम ने RCTC कैंप जो पिथौड़ागढ़ उत्तराखण्ड में 06 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित उसमें उन्हें जूनियर डिविजन में बेस्ट कैडेट के खिताब से सम्मानित किया गया।

सांस्कृतिक वातावरण को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रश्रय दिया जाता है। सांस्कृतिक गतिविधियाँ छात्रों को अपनी प्रतिभा शैक्षिक स्तर के साथ-साथ नाटक, गायन, वादन इत्यादि कौशल को निखारने का अवसर प्रदान करता है छात्रों की अभिनय प्रतिभा के विविध दृष्टिकोण को परिलक्षित करते हुए हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी अंतर आश्रमवर्गीय हिन्दी नाटक एवं इंटरसेट इंगलिश ड्रामा कम्पीटिशन-2025 का आयोजन किया गया। हिन्दी नाटक प्रतियोतगिता में सप्तम आश्रमवर्ग ने पहला तथा अंग्रेजी नाटक प्रतियोगिता में षष्ठ आश्रमवर्ग ने पहला स्थान प्राप्त किया।

इस वर्ष विश्व प्रसिद्ध कजाकिस्तान के 12 सदस्यीय नृत्य कलाकारों का एक समूह का आगमन 01 अक्टूबर को हमारे विद्यालय प्रांगण में हुआ जिनके द्वारा 02 अक्टूबर को इसी प्रेक्षागृह में उनकी स्वर्णिम एवं अत्यंत मनोमुग्धकारी पारंपरिक नृत्य कला एवं संस्कृति को देखने तथा जानने का सौभाग्य मिला।

14 जून, 2025 को हमारे विद्यालय प्रांगण में झारखण्ड के शिक्षा मंत्री, श्री रामदास सोरेन का सुखद आगमन हुआ। उनके आगमन पर इसी प्रेक्षागृह में **'आधुनिक शिक्षा एंव शिक्षक'** विषय पर एक दिवसीय परिचर्चा का सफल आयोजन किया गया। इसी क्रम में 23 जून 2025 को विद्यालय प्रांगण में हमारे राज्य के महामहिम राज्यपाल, श्री संतोष कुमार गंगवार जी का आगमन हुआ। उन्होंने विद्यालय परिसर का भ्रमण किया तथा प्राचार्य एवं शिक्षकों से विद्यालय की समस्याओं को जाना एवं उनके निराकरण हेतु सुझाव दिया। इसी क्रम में 14 सितम्बर, 2025 को माननीय मुख्य न्यायाधीश, झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति श्री तरलोक सिंह चौहान जी का सुखद आगमन इस विद्यालय प्रांगण में हुआ।

इस वर्ष डॉ0 अभिषेक मिश्र दिनांक-08.09.2025 से 04.10.2025 तक एयरफोर्स स्टेशन, तंबारम में रिफ्रेशर कोर्स समाप्त करने के उपरांत सेकेण्ड ऑफिसर से फर्स्ट ऑफिसर की उपाधि प्राप्त कर लिये हैं। काफी लंबे समय से विद्यालय में एक चिकित्सा पदाधिकारी की कमी थी जिसे सरकार के सहयोग से छात्र हित को ध्यान में रखते हुए विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र, डॉ0 दीपक कुमार माझी, चिकित्सा पदाधिकरी की प्रतिनियुक्ति 03 मार्च, 2025 को विद्यालय में हुई है। इसके लिए उन्हें बहुत-बहुत बधाई। साथ ही इस वर्ष नियमित शिक्षकों की कमी को दृष्टिपथ रखते हुए श्री केशव कुणाल शर्मा एवं श्रीमती स्मृति सिंह को नए आश्रमाध्यक्ष का कार्य-दायित्व सौंपा गया है। आशा करता हूँ ये अपने दायित्वों का निर्वहन सफलतापूर्वक करेंगे। मैं उनकी सफलता की मंगल कामना करता हूँ।

राज्य परिषद् की बैठक में नेतरहाट आवासीय विद्यालय के परिपेक्ष्य में एक बहुत ही महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक निर्णय पुरानी पेंशन का पारित होना विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है। झारखण्ड सरकार के इस निर्णय के लिए मैं समस्त विद्यालय परिवार की ओर से सहृदय आभार एवं कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ। विद्यालय में विभिन्न पदों पर संविदा पर कार्यरत हमारे चतुर्थवर्गीय कर्मी जो हमारे विद्यालय की रीढ़ है, उन्हें भी मैं हृदय से शुभकामना अर्पित करता हूँ।

विगत नवंबर, 2024 में नोबा 1962-68 बैच के पूर्ववर्ती छात्रों एवं नवंबर 2025 में नोबा 1980-87 बैच के पूर्ववर्ती छात्रों ने विद्यालय आकर छात्रों में प्रेरणा का संचार किया। नोबा 1962-68 बैच के पूर्ववर्ती छात्रों ने विद्यालय पुस्कालय में डिजिटल रामायण, विद्यालय में एफ.जी.पियर्स जी का तैल चित्र और छात्र लीडर हेतु 08 ट्रैक सूट भेंटस्वरूप प्रदान किया। नोबा 1980-87 बैच के पूर्ववर्ती छात्रों ने विद्यालय पुस्तकालय में छात्रों के तकनीकी रूप से ऑनलाइन पाठ्य सामग्री प्राप्त करने के लिए 08 टैब एवं विद्यालय के स्थापना संबंधी विवरण के संकलित संदर्भ ग्रंथ के रूप में बुक-लेट 13 नवंबर को भेंट स्वरुप प्रदान किया। विद्यालय परिवार इन्हें साधुवाद देता है। विद्यालय के विभिन्न विभागों एवं छात्रों के मांग स्वरूप विगत वित्तीय वर्ष में विभिन्न विषयों की 191 पुस्तकें क्रय की गई।

विगत वर्ष भूगोल विभाग के शिक्षक, श्री विधुशेखर देव, भौतिकी विभाग के शिक्षक, श्री सतीश झा एवं इसी वर्ष विद्यालय में कार्यरत तृतीय वर्गीय कर्मी श्रीमती आशरेन सुबानी डुँगडुँग (पुस्तकालय सहायिका), श्री महेश कुमार (दफ्तरी प्रशिक्षक) तथा चतुर्थ वर्गीय कर्मी श्री मोहन नायक (झाड़ूकश) ने अपनी सरकारी सेवा पूरी कर सेवा-निवृत हुए। विद्यालय परिवार हमेशा इन सबकी कमी महसूस करेगा। इनके स्वस्थ और मंगलमय जीवन के लिए विद्यालय परिवार की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएँ।

इस वर्ष विद्यालय के भूतपूर्व सह-शिक्षक, शैलेन्द्र कुमार सिन्हा जी हमारे बीच नहीं रहे साथ ही साथ हमारे एक छात्र कुमार नीतीश, शांति आश्रम का भी निधन हुआ। उनकी रुचि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी थी उन्होंने वर्ष 2018 तथा 2019 में इंटर स्टेट स्वीमिंग चैंपियशिप जीत कर विद्यालय का नाम रौशन किया था। उनके निधन से पूरा विद्यालय परिवार आहत हुआ है, और उन्हें खोकर अत्यंत दुःख महसूस हो रहा है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे।

नेतरहाट विद्यालय अपनी गौरवमयी परंपराओं का निर्वहन करता हुआ वर्तमान परिस्थितियों से सामंजस्य स्थापित करता चल रहा है जिससे अपनी आने वाली पीढ़ियाँ एक सुनहरा भविष्य देख सके, हम सबका लक्ष्य इस महान परंपरा को अक्षुण्ण रखते हुए विद्यालय की गरिमा को सर्वोच्च स्थान पर कायम रखना है।

झारखण्ड सरकार एवं नेतरहाट विद्यालय समिति के मार्गदर्शन में इसका निरंतर विकास हो रहा है। आज के कार्यक्रम से जुड़ने के लिए पूर्ववर्ती छात्रों को एवं यहाँ पर पधार कर हम सबको कृतार्थ करने के लिए समस्त शिक्षकों, माताओं, प्रशासनिक पदाधिकारी, विद्यालय कर्मियों, एवं छात्र-छात्राओं को धन्यवाद देता हूँ जिनकी उपस्थिति से विद्यालय दिवस का मान-सम्मान एवं गौरव बढ़ा है। आप सबका पुनः अभिनंदन एवं धन्यवाद!

**''संघर्ष का मैदान छोड़कर मत भागो तुम**
**कुछ किये बिना ही जय-जयकार नहीं होती**
**कोशिश करने वालो की कभी हार नहीं होती''**

**Nothing great ever achieved without enthusiasm - Ralph Waldo Emerson**

प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय,
नेतरहाट